तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार, 12 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 पटवारी ने फसल का अनावारी ऑनलाइन...



12 श्रेजल ने बढ़ाया जिले का मान




खबर संक्षेप



## गुरू घासीदास व डॉ आंबेडकर के फोटो से छेड़छाड़, मामला दर्ज

**बेमेतरा।** भीम रेजीमेंट छत्तीसगढ़ की बेमेतरा ज़िला इकाई द्वारा शुक्रवार को पुलिस थाना साजा में एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला को लेकर अपराध पंजीबद्ध कराया गया है। शिकायत में कहा गया है कि उक्त एक अज्ञात असामाजिक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम में अकाउंट बनाकर सन्त शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास एवं बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के फोटो में अश्लीलतापूर्वक एडिटिंग कर पोस्ट किया गया है। शिकायत पर साजा थाना में अज्ञात आरोपी के ऊपर आईपीसी की धारा 294, 153(अ), 295(अ), 3(1)(फ़) के तहत एफआईआर दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध जांच शुरू कर दी गयी है।इस संबंध में भीम रेजीमेंट छत्तीसगढ़ के बेमेतरा ज़िला कार्यकारिणी अध्यक्ष हेमन्त बंजारे ने बताया कि समाज के हक़ व न्याय के लिए हमारी टीम हमेशा एक्टिव मोड पर रहती है। हमारे आदर्श बाबा साहब के मार्गदर्शन में चलकर अन्याय व अत्याचार के खिलाफ हमारा संगठन सदैव तत्पर रहता है। सोशल मीडिया पर हमारे सन्त बाबा घासीदास जी व आदर्श महापुरुष बाबा साहब के खिलाफ पोस्ट करने वाले के खिलाफ साजा पुलिस से मांग है कि जल्द से शेष पेज 10 पर

### समस्या : सालों पुरानी पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त, नल में पानी पहुँचने में आ रही समस्या

# नल-जल योजना के लिए सड़क खोदकर छोड़ा, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मनियारी सहित ग्रामीण अंचलों में नल-जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई जा रही है, ताकि ग्रामीणों को इस योजना के तहत पानी मिल सके। लेकिन एक ओर ठेकेदार की खुलेआम मनमानी व अनियमितता के चलते ग्रामीण परेशान व आक्रोशित हो रहे हैं।

आपको बता दें कि ब्लॉक बेरला के ग्राम मनियारी में नल जल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के लिए ग्राम के सड़कों व गलियों को खोदे जा रहे हैं। जहां खोदे जा रहे वहां प्रत्येक लाभार्थियों के घर सड़क से लगे हुए हैं। साथ ही सभी मार्ग की दुर्दशा हो गई है। इसके कारण ग्रामीणों का सड़क व गलियों से गुजरना मुश्किल हो गया है। घर के सामने ही पाइप लाइन के लिए खोद दिया जा रहा है। वहीं, दैनिक कार्यों के लिए ग्रामीण अपने घरों से बाहर जाने के लिए मोटर साईकिल, साइकिल, ट्रैक्टर, बैलगाड़ी जैसे वाहन से आना जाना लगा रहता है। जिसके कारण ग्राम व घर के लोग परेशानियों को झेलना मजबूरी बन गया है। वहीं, ग्राम के छोटे-छोटे बच्चे खेल-खेल में गिर भी रहे हैं। हमेशा दुर्घटना का भय लोगों को लगा रहता है। पालतू पशु जानवर खोदे हुए गड्ढे में ऐसे तैसे नीचे उतर तो जाते हैं, लेकिन गड्ढे में ही इधर-उधर विचरण करते रहते हैं, जब तक कि कोई उन्हें गड्ढे से बाहर निकाल न लें।



### सालों पुरानी पाइपलाइन को पहुंचाई क्षति

आज से पिछले 35 से 38 सालों पुराने ग्राम में नल का कनेक्शन हुआ है, जो ग्राम के तीन चौक में पानी टंकी के माध्यम से ग्रामीणों ने पानी की उपयोग करते आ रहे हैं। वहीं, वर्तमान में नल जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए गड्ढे खोदने के दौरान पुरानी बिछी हुई पाइप को क्षति पहुंचा दी गई है। इसके कारण पानी नहीं आ रहा है। जगह-जगह लीकेज होने पर पानी व्यर्थ में बाहर की ओर बह रहा है। आपको बता दें कि साजा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंचल में यह मामला सामने आया था कि पाइप से लीकेज होने पर जमीन की दूषित पानी पीने से साजा में डायरिया, डेंगू जैसी बीमारियां फैल गयी थीं।

### बिना मापदंड कार्य शुरू, ग्रामीणों का आरोप

नल-जल योजना के तहत ग्राम मनियारी में पाइप लाइन बिछाने के कार्य लगातार चल रहा है। कार्य के दौरान एक लड़के द्वारा किया जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि बिना प्रशिक्षण के कार्य में लगाया गया हो। वहीं, कार्य के दौरान ठेकेदार व इंजीनियर भी नदारद रहे। इसके कारण बिना मापदण्ड के साथ कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। वहीं, गहराई की बात की जाए तो डेढ़ फीट, 2 फिट तो कहीं ढाई फिट खोदे गए हैं। इसके बावजूद मानकों के तहत सामग्री के उपयोग नहीं किया जाना, बड़ी गड़बड़ी को दर्शा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई हो और संबंधित विभाग इस पर जांच कर उचित कार्रवाई करें। ग्राम मनियारी से भवमोचन चौबे, रविन्द्र भास्कर चौबे ने बताया कि नल जल योजना के तहत पाइप लाइन के लिए खोदे जा रहे गड्ढे ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। गांव वालों को के लिए चलना दूभर हो गया है। ठेकेदार को खुले आम मनमानी से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।

### पाइप बिछाने के लिए खोदना तो पड़ेगा

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बेमेतरा ईई रूपेश कुमार धनंजय ने इस संबंध में बताया कि ऐसी समस्या आ रही है, तो दाऊलाल को बोलकर मिट्टी को लेबल कर दिया जाएगा। पाइप लाइन बिछानी है तो खोदना पड़ेगा ही। ऐसे में थोड़ी-बहुत समस्या तो आएगी ही।

# दाढ़ी अंचल में बढ़ रही बिजली चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दाढ़ी

नवीन तहसील मुख्यालय स्थित नगर पंचायत दाढ़ी सहित ग्रामीण इलाकों में इन दिनों बिजली चोरी का मामला सामने आ रहा है। दाढ़ी में स्थित विद्युत उपसंभाग कार्यालय के सहायक यंत्री व कनिष्क यंत्री की निरन्तर सक्रिय उपस्थिति होने के बावजूद बिजली चोरी की बात लगातार सामने आ रही है। क्षेत्र में बकायदा सरकारी खम्भों पर घरों से हुक के सहारे बिजली के तार लपेटकर विद्युत चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। यह घटना अधिकतर रात को ही अंजाम दिया जाता है औऱ सुबह होते ही तार को बांस के सहारे विद्युत पोल से हटा देते हैं, जिससे अधिकारी भ्रमित हो जाते हैं और चोरी करने वाला प्रशासन की कार्रवाई से बच जाता है, जबकि उक्त घरों में बकायदा प्रशासन से घरेलू कनेक्शन लिया गया है, किंतु चन्द पैसे बचाने के लिए महज यह गतिविधि दिन प्रतिदिन दाढ़ी विद्युत सब डिवीजन में बढ़ रही है। आलम यह है कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बिजली को चोरी होने लगी है। ग्रामीण रात्रि के अलावा दिनदहाड़े भी इस हरकत को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। लिहाजा प्रशासन की सुस्त कार्यशैली के कारण ग्रामीण बिजली कनेक्शन होने के बावजूद चोरी छिपे बिजली सेवा से घर में शेष पेज 10 पर



■ रात के अलावा दिन में भी आम है हुकिंग

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411



## खबर संक्षेप



### टॉपर्स विद्यार्थियों से मुख्यमंत्री साय ने की वीडियो काल पर बात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दसवीं-बारहवीं के नतीजे घोषित होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दोनों कक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों से सीधे वीडियो काल पर बात कर बधाई दी। बच्चों के लिए अपने मुख्यमंत्री से इस तरह अचानक रुबरू होना बेहद आनंददायक अनुभव रहा। अपने मुख्यमंत्री से सीधे वीडियो काल पर जुड़े भावविभोर बच्चों में से किसी ने आईएएस बनने, तो किसी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट, तो किसी ने बैंकिंग सेक्टर में जाने की योजनाएं बताईं। बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए मुख्यमंत्री ने बच्चों सहित उनके अभिभावकों और गुरुजनों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### सरस्वती शिशु मंदिर में दीक्षा व मानसी प्रथम

**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षा के परिणाम गुरुवार को जारी किया गया। सरस्वती विहार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक कन्या एवं बालक विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है किया। इसमें दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान दीक्षा साहू ने प्राप्त किए हैं। उन्हें 93.6 प्रतिशत प्राप्त हुए। देवेश्वरी को 90.6 प्रतिशत, ऋषभ गौतम 85.8प्रतिशत तथा योगेश वर्मा को 85.3 प्रतिशत मिले हैं। इसी तरह बारहवीं कक्षा में मानसी यादव को 90.6 प्रतिशत, वैशाली रजक को 88 प्रतिशत तथा नीलम साहू को 87.02 प्रतिशत मिले हैं।

### वोटों को प्रभावित करने का हथकंडा है ऐसी रिपोर्ट

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा है



कि पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट सिर्फ हिंदू-मुस्लिम में नफरत पैदा करना एवं चुनाव में हिंदू वोटों को प्रभावित करने का हथकंडा है। श्री साहू ने कहा कि पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट चुनाव के समय में ही जारी कर भाजपा द्वारा हिंदू-मुस्लिम जनसंख्या के अनुपातिक प्रतिशत को लेकर जिस तरह देश में हिंदुओं के मन में डर व नफरत का माहौल पैदा किया जा रहा है। वह सिर्फ हिंदुओं का वोट प्रभावित करने के लिए है, जो कि निंदनीय है। यह रिपोर्ट पूर्णतः अविश्सनीय भी है। भारत देश में हर 10 वर्ष के अंदर जनगणना करने की परंपरा स्थापित है, लेकिन सन 2021 में जो जनगणना होनी थी, वह अभी तक नहीं कराई गई है। देश की आवादी की संख्या का वास्तविक आधार जनगणना ही होता है, जिससे विभिन्न समुदायों की जनसंख्या के अलावा उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति की जानकारी मिलती है।

### मई की गर्मी से राहत चार दिन से तापमान चालीस डिग्री से नीचे

**रायपुर।** शुरुआत के पांच दिन तक असर दिखाने के बाद राजधानी में गर्मी कम हो गई है। पिछले चार दिन से शहर का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री से कम दर्ज किया जा रहा है। छाए बादलों की वजह से धूप का प्रभाव कम है और लोग बिना स्कार्फ के दोपहर शहर आवाजाही कर पा रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक मई के महीने अब तक सर्वाधिक तामपान पांच तारीख को 43.6 डिग्री दर्ज किया गया है, इसके बाद पुनः गिरावट का दौर शुरू हुआ, जिसकी वजह से अब तक राहत महसूस हो रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मई के महीने को गर्मी का पीक माना जाता है और शहर का तापमान 43-44 डिग्री के आसपास रहता है, मगर पिछले पांच दिन से पारा चालीस डिग्री के ऊपर नहीं जाने की वजह से लोगों ने राहत महसूस की है।

# जबलपुर से रायपुर के लिए सेमी हाईस्पीड ट्रेन चलाने की तैयारी में रेलवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे ने लंबी और कम दूरी की ट्रेनों के संचालन, गति और गंतव्य स्टेशन की समीक्षा के बीच संकेत दिए हैं कि जबलपुर से रायपुर के बीच जल्द ही सेमी हाईस्पीड ट्रेन चलाई जा सकती है। जयपुर में रेलवे टाइम टेबल कमेटी की बैठक में इस पर सहमति भी बन गई है। पश्चिम मध्य रेलवे ने अपने तीनों मंडल जबलपुर, भोपाल और कोटा से कम दूरी की ट्रेनों मांग की व उनके संचालन पर मंथन किया।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

खासतौर पर उन रूट पर जहां अभी मंडल के मुख्य रेलवे स्टेशन से सीधी ट्रेन नहीं है। इस दौरान जबलपुर रेल मंडल ने जबलपुर से रायपुर, प्रयागराज, उज्जैन आदि स्टेशन पर सीधी ट्रेन चलाने का प्रस्ताव पर अमल करने की तैयार हो रही है। इसमें सबसे पहले जबलपुर से रायपुर के बीच गोंदिया होते ही नई ट्रेन चलाई जानी है। संचालन के लिए ट्रैक-स्टेशन और यात्रियों की संख्या पर मंथन हो रहा है। इस दौरान इस रूट पर आ रही तकनीकी खामियों को दूर किया जाएगा।

**जयपुर में रेलवे टाइम टेबल कमेटी की बैठक में सहमति बनने की सूचना**

### बिलासपुर जोन भी कर रहा प्रयास

बीते दिनों जयपुर में हुई देशभर के रेलवे जोन की टाइम टेबल समिति में जबलपुर-रायपुर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का प्रस्ताव रखा, जिसमें बताया जा रहा है कि सहमति बनाई जा रही है। संभावना है कि इस रूट पर सेमी हाईस्पीड वंदेभारत ट्रेन चलाई जा सकती है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड और पश्चिम मध्य रेलवे व बिलासपुर रेलवे जोन, दोनों ही प्रयास कर रहे हैं। माना जा रहा है कि आचार संहिता के बाद इस पर निर्णय हो सकता है।

- जून में वंदे भारत ट्रेन की मिल सकती है सौगात



**परिचम मध्य रेलवे ने अपने तीनों मंडल जबलपुर भोपाल और कोटा से कम दूरी की ट्रेनों की मांग**

### समिति के समक्ष रखा गया प्रस्ताव

जबलपुर से रायपुर के बीच ट्रेन चलाने का प्रस्ताव जयपुर में हुई टाइम टेबल समिति के समक्ष रखा गया था। संभावना है कि जून से यह ट्रेन व्हाया गोंदिया होकर चल सकती है। इसके पहले सभी भौतिक तैयारियों की समीक्षा की जा रही है।

\- राहुल श्रीवास्तव
सीपीआरओ पमरे

### रेलवे सभी पहलुओं पर कर रहा अध्ययन

जबलपुर से रायपुर के लिए कटनी होकर दिन में सिर्फ एक ट्रेन अमरकंटक चलती है। रूट लंबा होने की वजह से ट्रेन रात को जबलपुर से रवाना होकर सुबह रायपुर पहुंचती है। पीक सीजन हो या आम दिन, वेटिंग की वजह से ट्रेन में आसानी से आरक्षित सीट नहीं मिलती। हर दिन जबलपुर से लगभग दो हजार यात्री ट्रेन, बस और निजी वाहन से रायपुर के लिए सफर करते हैं। सिंगल लाइन होने की वजह से रेलवे सभी पहलुओं पर अध्ययन कर रहा है। संभावित है कि वंदेभारत ट्रेन रायपुर और प्रयागराज या बनारस के बीच चलाई जाए। जबलपुर से उज्जैन और शिर्डी के लिए भी स्पेशल ट्रेन चलाने की संभावना है।

## राजधानी रायपुर में गिने-चुने खेल मैदान ही बचे

# खेल मैदान में मेला, खिलाड़ियों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

- महापौर एजाज ढेबर ने भी खिलाड़ियों की शिकायत पर खेल मैदान को मेला के आयोजन के लिए देने पर कड़ी आपत्ति जताई
- डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़, सीएनआई एवं ट्रस्टी यूसीएनआईटीए सचिव नितिन लॉरेंस को पत्र भी लिखा है और जवाब मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर का आकाशवाणी स्थित गॉस मेमोरियल मैदान पूरी तरह से व्यवसायिक बन गया है। इसके कारण यहां खेल से ज्यादा मेला सहित अन्य व्यावसायिक आयोजन होते हैं। हाल ही में इस ग्राउंड को एक महीने के लिए मेला आयोजन के लिए दिया गया है, जिसकी तैयारियां भी मैदान में की जा रही हैं। इसके विरोध में शुक्रवार को खिलाड़ियों ने मैदान में जाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इधर इस मामले में महापौर एजाज ढेबर ने भी खिलाड़ियों की शिकायत पर खेल मैदान को मेला के आयोजन के लिए देने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस संबंध में डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़, सीएनआई एवं ट्रस्टी यूसीएनआईटीए सचिव नितिन लॉरेंस को पत्र भी लिखा है और जवाब मांगा है कि आखिर किस आधार पर खेल मैदान को मेला आयोजन के लिए अनुमति दी गई है।

राजधानी रायपुर में गिने-चुने ही खेल मैदान बचे हैं। इन मैदानों को भी अब व्यावसायिक रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। मैदान की समितियां मैदानों के मेंटनेंस के नाम पर ज्यादा



पैसे कमाने के लालच में इन मैदानों को मेला सहित विभिन्न व्यावसायिक आयोजन कराने की अनुमति दे रही हैं। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि गॉस मेमोरियल मैदान को वर्ष 2004 में सिर्फ खेल मैदान के रूप में आरक्षित किया गया था। उन्होंने बताया कि ओपी चौधरी ने रायपुर के कलेक्टर रहते हुए अपने कार्यकाल में खेल मैदानों को सिर्फ खेल के लिए आरक्षित करने निर्देश भी दिए थे। इसके बाद से खेल मैदानों में सिर्फ खेल के आयोजन होने लगे थे, लेकिन अब मैदान फिर व्यावसायिक आयोजन के लिए दिए जा रहे हैं।

### वर्ष 2022 में लीज की अवधि खत्म

एजाज ढेबर ने यह भी कहा कि वर्ष 2022 में गॉस मेमोरियल की लीज अवधि खत्म हो चुकी है। इसके बाद भी मैदान को मेला लगाने के लिए अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि गॉस मेमोरियल सेंटर प्रबंधन का कहना है कि इसकी अनुमति समिति ने नहीं दी है, फिर अनुमति किसने दी है। इसे लेकर महापौर ने डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव नितिन लॉरेंस को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। उन्होंने मेला अनुमति को भी तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

### बीटीआई ग्राउंड रावणभाठा मैदान भी बना व्यावसायिक

गॉस मेमोरियल के साथ अंतर्राज्यीय बसस्टैंड के पास रावणभाठा मैदान पर भी मेला लगा हुआ है, जबकि मेला लगने से पहले मैदान में खिलाड़ियों का मेला लगा रहता था। मेला का आयोजन होने के कारण हर दिन क्रिकेट, फुटबाल सहित अन्य खेल खेलने वाले खिलाड़ियों ने मैदान आना छोड़ दिया है। इस मैदान में युवा के साथ बच्चे, बड़े व बुजुर्ग भी सैकड़ों की तादात में मॉर्निंग वॉक, व्यायाम एवं योग करने आते हैं। मेला लगने के कारण उन्हें भी परेशानी हो रही है। शंकरनगर स्थित बीटीआई ग्राउंड का उपयोग भी अब व्यावसायिक रूप से ज्यादा होने लगा है, जिसके कारण यहां भी अब खेल नहीं हो पाते।

# निरस्त कराएंगे आदतन बदमाशों की जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- एसएसपी ने ली समीक्षा बैठक

जिले में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने आदतन बदमाशों को पुनः जेल भेजा जाएगा। एसएसपी संतोष सिंह ने पुराने बदमाशों की जमानत निरस्त कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेताया है कि अपराध, गुम इंसान, मर्ग समेत अन्य लंबित प्रकरणों का निपटारा प्राथमिकता के साथ पंद्रह दिन के भीतर की जाए। एसएसपी संतोष सिंह ने शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में विजिबल पुलिसिंग नजर आनी चाहिए। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों, निगरानी गुंडे-बदमाशों और पुराने अपराधियों की गतिविधियों पर निगाह रखने विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। लंबित प्रकरण जो काफी पुराने हैं, उनका निराकरण पंद्रह दिवस के भीतर किया जाए। उन्होंने महिला/बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम और इन मामलों से संबंधित आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने को कहा। धोखाधड़ी सहित अन्य संपत्ति संबंधी मामलों में थाना प्रभारियों को आरोपियों की पतासाजी करने एवं गंभीर मामलों की विवेचना स्वयं थाना प्रभारियों को करने के निर्देश दिए।


### नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

निजात अभियान के तहत नशे के पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा किसी भी सूरत में नशे का सामान नहीं बिकने देने की हिदायत दी। नशे का कारोबार करने वाले गिरोह की अंतिम सप्लाई चेन तक पुलिस टीम को पहुंचने पर जोर दिया गया। अभियान के तहत पुलिस कर्मियों को अधिक से अधिक आमजनों से जुड़कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

***शांतिपूर्ण चुनाव, जवानों को प्रशंसा पत्रः*** *एसएसपी ने शुक्रवार सुबह पुलिस लाइंस मैदान में जवानों की परेड ली। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने के लिए जवानों एवं अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को डीओ लेटर और जवानों को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए।*

# मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली कार पर पलटी, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सेजबहार क्षेत्र में मुजगहन नाला के पास मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर एक कार पर पलट गई, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य वेगेंद्र कुमार सोनबेर और उनकी मां ईश्वरी सवार थे। इस घटना में दोनों को चोटें आई हैं, इनमें ईश्वरी सोनबेर को गंभीर चोटें आने के कारण अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य वेगेंद्र सोनबेर ने बताया कि शुक्रवार को वह अपनी मां के साथ कार से सेजबहार के आगे सोनपैरी स्थित फार्म हाउस जा रहे थे। सुबह करीब 10 बजे जैसे ही उनकी कार मुजगहन रोड में नाले के पुल के पास पहुंची, तभी विपरीत दिशा से तेज गति से ट्रैक्टर-ट्राली आ रही थी, उसमें मिट्टी भरी हुई थी। ट्रैक्टर को देखकर वे अपनी गाड़ी सड़क के किनारे लगा लिए। इसके बाद भी ट्रैक्टर चालक ने पुल पर चढ़ते समय गाड़ी को अनियंत्रित कर पलटा दिया। इससे ट्रैक्टर की ट्रॉली और उसमें भरी मिट्टी कार पर आ गिरी, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में उन्हें कम चोटें आई हैं, लेकिन उनकी मां को गंभीर चोटें लगी हैं और उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इधर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट के बाद ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। वेगेंद्र सोनबेर ने बताया कि घटना के समय ट्रैक्टर चालक नशे में था, जिसके कारण वह ट्रैक्टर पर नियंत्रण नहीं रख पाया और दुर्घटना हो गई।

# प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक अब ओडिशा-झारखंड में करेंगे चुनाव प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में चुनाव होने के बाद अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश के भाजपा नेताओं को ओडिशा और झारखंड भेजा जा रहे हैं। ये नेता वहां पर प्रचार करने का काम करेंगे। कई नेता चले गए हैं और कई नेता आने वाले समय में जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी लगातार दोनों राज्यों में सभाएं ले रहे हैं।

भाजपा प्रवासी कार्यकर्ता समन्वय समिति के प्रदेश संयोजक अजय शुक्ला ने बताया ओडिशा में चुनाव प्रचार के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी व टंकराम वर्मा, सांसद सुनील सोनी, देवेंद्र प्रताप सिंह, संतोष पांडेय, चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक प्रेमप्रकाश पांडेय, विधायक राजेश मूणत, नीलकंठ टेकाम, विनायक गोयल, योगेश्वर राजू सिन्हा, गुरु खुशवंत साहेब, संपत अग्रवाल, पूर्व विधायकगण शिवरतन शर्मा, त्रिलोचन पटेल व पिंकी शिवराज शाह, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, व चंदूलाल साहू,



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, रूपकुमारी चौधरी, महेश कश्यप, श्रीनिवास राव मद्दी, वेदवती कश्यप, मनीराम कश्यप, धनीराम बारसे, जगन्नाथ पाणिग्रही के नाम तय किए गए हैं।

### ये रहेंगे झारखंड में

इसी तरह से झारखंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, रामविचार नेताम, विधायक भावना बोहरा, भूलनसिंह मरावी, राजेश अग्रवाल, उद्धेश्वरी पैंकरा, डोमनलाल कोरसेवाड़ा, दीपेश साहू, रोहित साहू, प्रमोद मिंज, सुशांत शुक्ला, राय मुनि भगत भाजपा पदाधिकारी भूपेन्द्र सवन्नी, सौरभ सिंह, संजय श्रीवास्तव, अनुराग सिंहदेव, ओमप्रकाश जायसवाल, कमलभान सिंह, भरतसिंह सिसौदिया, अनिल केशरवानी, बाबूलाल अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी झारखंड में प्रचार करने का काम करेंगे।

# चैंबर का संविधान बदलने पर सुंदरानी ने खड़े किए सवाल, पारवानी बोले- सब प्रक्रिया के तहत हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के संविधान में संशोधन को लेकर व्यापारी एकता पैनल के अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी ने सवाल खड़ा किया है कि यह प्रक्रिया के तहत नहीं हुआ है। यह संशोधन अध्यक्ष ने अपने को लाभ पहुंचाने के लिए किया है। महज डेढ़ से दो सौ सदस्यों को बुलाकर विशेष सभा बुलाना ही सही नहीं है। इस मामले में अध्यक्ष अमर पारवानी का कहना है, सब कुछ प्रकिया के तहत किया गया है।

श्री सुंदरानी ने चैंबर अध्यक्ष को पत्र लिखते हुए आपत्ति की है कि चैंबर का संविधान संशोधन सही नहीं है। श्री



सुंदरानी का कहना है, संविधान संशोधन का न तो सार्वजनिक प्रकाशन किया गया है और ना ही सूचना पत्र भेजा गया है, जिसमें संविधान संशोधन की बिन्दुवार जानकारी हो। श्री सुंदरानी ने पत्र में लिखा है, मेरा सीधा आरोप है ये संविधान का संशोधन आपने स्वयं के लिए किया है।

### सब प्रकिया के तहत

चैंबर के अध्यक्ष अमर पारवानी ने हरिभूमि के पूछने पर बताया कि संविधान में संशोधन नियम के तहत की किया गया है। मेडिकल कॉलेज के सभागृह में हुई आमसभा में इसको पारित किया गया था, बाकी में विशेष आमसभा बुलाकर इसको जारी किया गया है। जो भी संशोधन किया गया है, चैंबर के संविधान की प्रक्रिया का पालन करते हुए नियमों से किया गया है। अब कोई भी अध्यक्ष का चुनाव कितनी भी बार लड़ सकते हैं, श्रीचंद सुंदरानी सहित पूर्व के सारे अध्यक्ष भी चुनाव लड़ने के पात्र हो गए हैं।

## हर महीने पचास मरीजों की निशुल्क सोनोग्राफी के आदेश से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत हर माह दो दिन चलाए जाने वाले अभियान में पचास मरीजों की निशुल्क सोनोग्राफी के आदेश से चांपा-जांजगीर जिले में हड़कंप मच गया है। निजी अस्पतालों को जारी किए गए इस आदेश पर आईएमए ने आपत्ति की है। उनका तर्क है कि शासकीय जिला अस्पताल में यह सुविधा नहीं है, इसलिए निजी संस्थाओं पर उसका भार डाला जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले आदेश का हवाला देते हुए निजी सोनोग्राफी सेंटर को इस बात की ताकीद भी की गई है कि उनके द्वारा माह के 9 और 24 तारीख को इस अभियान के तहत की गई निशुल्क सोनोग्राफी की जानकारी के साथ उन्हें मरीज की विस्तृत रिपोर्ट के साथ अवगत कराया जाए। इस आदेश के बाद वहां से निजी चिकित्सकों और सोनोग्राफी सेंटरों के संचालकों में हड़कंप मच गया है। यह भी शिकायत की जा रही है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिना किसी जानकारी के सोनोग्राफी सेंटरों को इस योजना का हिस्सा बना लिया गया है।

# उधार के रीएजेंट से आधी जांच, हार्मोंस संबंधी टेस्ट से आंबेडकर अस्पताल के मरीज अभी भी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उधार के रीएजेंट की बदौलत आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को आधी जांच की राहत मिल रही है। हार्मोंस और ट्यूमर मार्कर संबंधित जांच के लिए मरीजों को अभी इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन इस बात को लेकर भी चिंतित है, सीमित कोटा अगले दस दिन में समाप्त हो जाएगा इसके बाद क्या होगा। रीएजेंट की स्थायी व्यवस्था के लिए अभी विचार-मंथन का दौर चल रहा है।

टेस्ट किट के संकट से जूझ रहे आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को राहत देने के लिए एसीएस मनोज पिंगुआ के हस्तक्षेप के बाद बिलासपुर के शासकीय मेडिकल कालेज से रीएजेंट तथा आवश्यक दवाओं की व्यवस्था कर राहत देने की कोशिश की गई है। प्राप्त किट के माध्यम से मरीजों की आरएफटी-एलएफटी सहित अन्य रूटीन जांच पूरी की जा रही है, मगर कुछ विशेष तरह के टेस्ट के लिए मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है अथवा निजी लैब जाना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल में कई मरीज ऐसे आते हैं, जिनके विटामिन से संबंधित टेस्ट कराने पड़ते हैं। कुछ का इलाज करने के लिए थायरायड टेस्ट करना पड़ता है। इसी तरह हार्मोंस से संबंधित जांच नहीं हो पा रही है, ऐसे मरीजों के सैंपल फिलहाल नहीं लिए जा रहे हैं। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि विशेष जांच कम संख्या में होती है, मगर बड़ी चिंता सामान्य तरह की जांच के लिए रीएजेंट का स्थायी रूप में इंतजाम किए जाने की है। उधार में मिली किट सीमित मात्रा में हैं, जो अगले दस दिन में समाप्त हो जाएगी। इसके बाद मरीजों की जांच किस तरह होगी, इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है।

### टेस्ट नहीं हो रहे

12, डी-12, टी-3, टी-4, टीएसएच, पीएसएच, एलएम, प्रोलाइक्टीन सहित अन्य हार्मोंस संबंधित टेस्ट, इम्यूनोलॉजिकल संबंधित टेस्ट, कार्डियक, ट्यूमर सहित अन्य मार्कर।

### जांच की सुविधा

आएफटी, एलएफटी, प्रोटीन से संबंधित टेस्ट, लिपिड प्रोपाइल सहित अन्य जांच।

### कार्डियक टेस्ट का इंतजार

एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में कार्डियक सर्जरी के दौरान मरीजों को हार्ट लंग्स मशीन में रखने के दौरान उनके आक्सीजन तथा ब्लड सर्कुलेशन नापने के लिए टेस्ट किट की आवश्यकता होती है। यह किट की व्यवस्था जरूरत होने पर इंप्रेस मनी के माध्यम से करनी पड़ रही है। डिमांड की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है, मगर सप्लाई नहीं हो पा रही है।

### स्थायी इंतजाम करेंगे

मरीजों को रूटीन जांच से संबंधित सुविधा मिलने लगी है। विशेष तरह की कौन सी जांच नहीं हो रही है, यह विभागीय स्तर पर पता चल सकता है। टेस्ट किट के स्थायी इंतजाम के लिए सिस्टम बनाने का प्रयास किया जा रहा है

\- डॉ. एसबीएस नेताम
चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

## पेज 9 के शेष...

### दाढ़ी अंचल में बढ़...

भरपूर इलेक्ट्रॉनिक व भौतिक सुख,-सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। इन दिनों आलम यह है कि दाढ़ी सब डिवीजन क्षेत्र के अधिकांश गाँवों में खुलेआम बिजली की चोरी स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रही है, किंतु प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से लगता है कि ऐसे लोगों को उनकी मौन स्वीकृति मिली हुई है।

लिहाजा क्षेत्र में बिजली विभाग के कार्य प्रणाली को लेकर चर्चा व्याप्त है। आमजनों का कहना है कि लगातार क्षेत्र में बिजली चोरी की जा रही है, जिससे प्रशासन को राजस्व का काफी नुकसान हो रहा है। किन्तु प्रशासन कार्रवाई करने में कोताही बरत रहा है। प्रशासन को चाहिए कि तत्काल गाँव-गाँव मे अफसरों का दौरा कराकर तुरंत ऐसे हरकतों पर लगाम लगाई जाएं एवं जुर्माने की कार्यवाही शुरू की जाए ताकि बिजली की चोरी होने से बचा जा सके।

कार्रवाई के साथ आर्थिक दण्ड का भी प्रावधान- इस संबंध में दाढ़ी विद्युत उप सम्भाग के असिस्टेंट इंजीनियर गंगा प्रसाद बंजारे ने बताया कि प्रशासन द्वारा बिजली चोरी होने पर कार्रवाई के साथ आर्थिक दण्ड का प्रावधान है। क्षेत्र में शिकायत मिलने पर ग्रामीणों को लगातार समझाईश दी जाती है, किंतु बावजूद दाढ़ी सबडिवीजन अंतर्गत कारेसरा, प्रतापपुर व दाढ़ी जेई कार्यालय के अधीनस्थ गाँवों में लोगों द्वारा विद्युत खम्भे से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी की जा रही है, तो इस संबंध में कड़ाई से एक्शन लिया जाएगा।

### गुरू घासीदास...

जल्द इस मामले में अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी कर ऐसे असामाजिक लोगों की करतूत पर तत्काल कार्रवाई करें, ताकि भविष्य में सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर आपत्तिजनक पोस्ट करने में सोचें एवं असामाजिकता न फैले।

# छह सीटों की मतगणना दुर्ग, तीन की साजा, बेमेतरा व नवागढ़ मुख्यालय में होगी

## मतदान के बाद आगामी चार जून को होगी मतगणना, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लोकसभा चुनाव के निपटने के बाद जिला निर्वाचन आयोग मतगणना कार्य में जूट गया है। आगामी चार जून को भिलाई शंकराचार्य कालेज में मतगणना कार्य किया जाएगा। जिसमें दुर्ग विधानसभा के छः सीटो के लिए मिल मत की गणना शंकराचार्य में होगा, वही साजा, बेमेतरा और नवागढ सीट की गणना वही के मुख्यालय में होगा। हांलाकि सभी नौ सीट में डाले गए पोस्टल बैलेट की गणना शंकराचार्य भिलाई में किए जाने की तैयारी है।

उल्लेखनीय है कि, लोकसभा चुनाव विगत सात मई को संपन्न किया गया। दुर्ग संसदीय क्षेत्र के 2223 मतदान केन्द्र और 36 सहायक केन्द्र में मतदान किए गए। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव संपन्न कराए जाने के बाद मतगणना कार्य की तैयारियां शुरू कर दी गई है। जानकारी अनुसार पाटन के 246 दुर्ग ग्रामीण 227 दुर्ग शहर 215 भिलाई नगर 167 वैशालीनगर 242 अहिवारा 259 केन्द्रों में मतदान कराए गए है। इन सभी सीट की मतगणना शंकराचार्य कालेज भिलाई में होगा। जबकि साजा के 302 बेमेतरा 267 और नवागढ 298 बूथों की गणना तीनों मुख्यालय में होगा। सिर्फ पोस्टल बैलेट की गणना दुर्ग में होगी।

### बीआईटी में कराए जाएगा प्रशिक्षण

मतगणना के प्रशिक्षण के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, प्रत्येक विधानसभा हेतु 02 मास्टर ट्रेनर एवं जिले के टेबुलेशन प्रभारी अधिकारी (एआरओ) 1, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी 1, ईवीएम नोडल अधिकारी 1, सुरक्षा नोडल अधिकारी 1 एवं प्रोग्रामर 1 के लिए मतगणना प्रशिक्षण संभाग मुख्यालयों में आयोजित किया गया है। दुर्ग जिले के 53 और बेमेतरा जिले के 25 प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रशिक्षण 16 मई को प्रातः 10 बजे से बीआईटी ऑडिटोरियम में आयोजित की गई है। रिसोर्स पर्सन गीता दीवान एनएलएमटी, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रूपेश कुमार वर्मा एवं रश्मि वर्मा, सहायक प्रोग्रामर छाया साहू रहेगी। प्रशिक्षण कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहायक नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा को नियुक्त किया गया है।




### अधिकारियों को दिया गया दायित्व

सम्पूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम के सुचारू संपादन के लिए बीआईटी प्राचार्य को प्रशिक्षण स्थल बीआईटी ऑडिटोरियम का दायित्व दिया गया है। सत्कार अधिकारी को सर्किट हाउस में आवश्यकतानुसार ठहरने की व्यवस्था संबंधित प्रशिक्षणार्थियों को सूचना एवं समन्वय कार्य के लिए, सामग्री व्यवस्था के लिए सहायक ग्रेड 3 कृष्ण कुमार देवांगन, करारोपण अधिकारी प्रकाश साहू, सहायक ग्रेड 2 उत्तम साहू, तकनीकी व्यवस्था के लिए जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी एलबी सिंह, सहायक प्रोग्रामर छाया साहू, ई डिस्ट्रीक्ट मैनेजर अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को बैठक व्यवस्था, खाद्य नियंत्रक सीपी दीपांकर को भोजन व्यवस्था, ईवीएम, वीवीपैट व्यवस्था तथा प्रशिक्षण हेतु नोडल अधिकारी लवकेश ध्रुव को दायित्व सौपा गया है।

## खबर संक्षेप



### प्रिज्म कॉलेज में 'प्रतिभा खोज परीक्षा 2024' का आयोजन

पाटन। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी प्रिज्म कालेज आईटीआई महकाखुर्द तत्वावधान में 'प्रतिभा खोज परीक्षा' का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न शासकीय स्कूल गनियारी, पंहडोर, घुघवा, औंधी, गोंडपेंडरी, मोरिद आदि के लगभग 450 बच्चों ने भाग लिया जिन्हें निःशुल्क में रेल्वे, बैंक और अन्य शासकीय जॉब की तैयारी के लिए ग्रीष्मकालीन कक्षा दी जाएगी और ऐसे छात्र जो बीए, डी फार्मेसी और आईटीआई इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर व स्टेनो हिन्दी, कोर्स में प्रवेश लेने के इच्छुक हैं उन्हें आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर शुल्क में भी छूट दिया जाएगा। प्रिज्म संस्थान ग्रामीण प्रतिभाशाली बच्चों के लिए इस प्रकार का आयोजन पूरे वर्ष कर रहा है ताकि प्रतिभावान छात्रों को शासकीय नौकरी प्राप्त करने में सुविधा हो।

### गोपिका 91.67 अंकों के साथ प्रथम रहे

**सेलूद।** गोपिका यादव पिता ललित यादव ने स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलूद में कक्षा दसवीं बोर्ड में 91.67 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। गोपिका यादव की सफलता के लिए पापा, मम्मी, दादा दादी, चाचा चाची ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दिया। शाला परिवार की ओर से लीना चंद्राकर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया है।

## विकास

# अब खरखरा जलाशय से बुझेगी डौंडीलोहारा की प्यास

शासन से 3132.75 लाख की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

लगभग 15 वर्षों से की जा रही मांग में अब विराम लग रहा है, अभी तक नगर पंचायत भूजल स्त्रोतों से ही निर्भर रहा है। ज्यों-ज्यों आबादी बढ़ रही है, पानी की समस्या विकराल होती जा रही थी। लेकिन अब कुछ ही दिनों बाद अमृत मिशन योजना के तहत खरखरा जलाशय से डौंडीलोहारा तक पानी लाकर लोगों को पेयजल की सप्लाई की जाएगी।

■ अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाने के बाद घरों में आएगा 24

इसके लिए केंद्र सरकार ने 31 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की है। अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाने के बाद घरों में खरखरा जलाशय का पानी 24 घंटे आने लगेगा। इससे शहरी क्षेत्र में होने वाले पेयजल की समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी।

योजना के शुरू होते ही हर घर में 24 घंटे पानी की सप्लाई रहेगी। पानी सप्लाई शुरू होने के बाद शहरी क्षेत्र के सरकारी बोर से निर्भरता पर विराम लग जाएगा, इससे शहर का वाटर लेवल बढ़ेगा और पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। भीषण गर्मी पड़ने पर भी पानी की सप्लाई प्रभावित नहीं होगी। दो लाख लीटर क्षमता की दो पानी टंकी बनाई जाएगी-खरखरा जलाशय से पानी को नगर में बनने वाले संपवेल में साफ कर स्टोर किया जाएगा। दो पानी टंकी का निर्माण भी कराया जाएगा। एक टंकी चार लाख लीटर और दूसरी टंकी लगभग 2 लाख लीटर की क्षमता की बनाई जानी है।

### नगर पंचायत में भूजल स्त्रोतों से निर्भरता होगी खत्म



**शासन से मिल गई है स्वीकृति : सीएमओः** नगर पंचायत के सीएमओ राकेश प्रधान ने बताया कि अमृत मिशन योजना के अंतर्गत नगर में खरखरा जलाशय से पानी लाने की तकनीकी स्वीकृति शासन स्तर से मिल चुकी है। चुनाव आचार संहिता हटने के बाद नियमानुसार आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि इस मिशन के लिए बहुत अधिक प्रयास किया गया है जो कि अब सफल हुआ है। सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के लिए हमें काफी हद तक मेहनत करनी पड़ी तब जाकर एनओसी उपलब्ध हुआ। इस स्वीकृति पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती विद्या शर्मा, सभापति, झुमुक कोसमा,अनिता साहू,ममता शर्मा, अशोक चनाप सहित सभी पार्षदों व नगर पंचायत के कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है।

### 12 किमी दूर है जलाशय

नगर पंचायत की जनसंख्या लगभग 15 हजार की है। जिसे बोर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। आने वाले 50 साल में नगर की जनसंख्या बढ़ जाएगी। उसी के हिसाब से जलाशय से पानी लाने की योजना बनाई गई है। इस्टीमेट और प्रपोजल आर्किटेक्ट के माध्यम से तैयार कर छत्तीसगढ़ सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था। आने वाले कुछ समय के बाद इस पर काम शुरू हो जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू ने बताया कि विधायक व पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया के प्रयास से खरखरा जलाशय से नगरवासियों कि प्यास बुझाने के लिए 2.0 अमृत मिशन जलप्रदाय योजना अंतर्गत राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ ने 3132.75 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। अमृत मिशन योजना में डौंडीलोहारा से 12 किलोमीटर दूर खरखरा जलाशय से पाइप लाइन के माध्यम से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी पहुंचेगा।

# पटवारी ने फसल का अनावारी ऑनलाइन नहीं किया, किसानों को हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा

ग्राम अछोली एवं पेंड्री ग्राम के किसानों के सैकड़ों किसानों के फसल का अनावारी (गिरदावरी) ऑनलाइन नही किए जाने से किसानों को ओलावृष्टि की राहत राशि एवं बीमाधन प्राप्त नही हो रहा है। साथ ही किसानों को खाद बीज एवं नई कृषि ऋण नही मिल पा रहा है। किसान पटवारी को बोलते बोलते थक गए हैं, लेकिन पटवारी ध्यान नही दे रहा है। उक्त मांगों को लेकर शुक्रवार को पेंड्री एवं अछोली ग्राम के सैकड़ों ग्रामीण किसान नेता बनऊ वर्मा एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष नवीन जैन के नेतृत्व में तहसीलदार धमधा को ज्ञापन सौप कर उक्त समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करने की मांग की है। साथ ही कहा है कि अगर 10 दिनों के अंदर हमारी समस्या का निराकरण नही किया जाएगा तो किसान उग्र आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। ज्ञापन सौंपने वालो में प्रदीप लोधी, रामराज, मनीराम, रवि वर्मा, छेदु राम, इंद्र प्रसाद, प्रकाश वर्मा, नरेंद्र कुमार, रमेश वर्मा, ओमन वर्मा, लच्छू वर्मा, नरेश वर्मा, लतेल वर्मा, महेंद्र वर्मा, कौशल वर्मा, गोकुल वर्मा, प्रमोद वर्मा, ओमप्रकाश, धनेश वर्मा, परदेशिया, सुरेश वर्मा, रघुवेन्द्र वर्मा, घना राम, विजय वर्मा, मुकुत वर्मा, दिनेश वर्मा, ज्ञानू यादव, तीजऊ वर्मा, दिनु सुरेश, विपिन वर्मा, मनोहर पाल, अजय वर्मा, ररुहा वर्मा, विजय वर्मा, माखन वर्मा, पुन्नू वर्मा, अंकालू वर्मा, दुवासी, दशरथ अजित, त्रिभुवन वर्मा सहित अनेकों किसान शामिल थे।

■ मांगों को लेकर धमधा तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## किसानों को खीरा और करेले की खेती करने दी जानकारी

**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ कुम्हारी खपरी में किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संघ भवन में रखा गया जिसमें प्रदेश के महासमुन्द, जांजगीर चापा, बालोदाबाजार, जगदलपुर, दुर्ग एवं रायपुर सहित अन्य जिलों से दो सौ से भी अधिक किसान सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में खीरा की खेती के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी भूपेन्द्र परमार द्वारा दी गई, जिसमें फसल के बीज की बुवाई से लेकर फसल तोड़ाई तक जानकारी प्रदान की गई। इसके उपरान्त करेला की खेती के सम्बन्ध में देवेश टांक एवं प्रशांत मारू ने सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। करेला फसल में लगने वाले कीट व्याधि निवारण करके अधिक उत्पादन किस तरह से लिया जा सकता है इस सम्बन्ध में किसानों को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। दोपहर भोजन उपरान्त लौकी की उन्नत खेती विषय पर पारूल सिंग और सुमीत लोहान द्वारा किसानों को पूर्ण जानकारी दी गई। प्रदेश के लगभग सभी जिलों के किसान इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित हुए। वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन के कारण सब्जी वर्गीय फसलों में रोग व्याधि देखा जा रहा है, इस समस्या के समाधान के लिए प्रदेश के किसानों को प्रशिक्षित करना संघ का मूल उद्देश्य है ताकि हमारे प्रदेश का किसान खुशहाल हो सके ।

# अक्षय तृतीया पर बच्चों ने रचाया पुतरा-पुतरी का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत नगर पंचायत उतई के बंजारी माता मंदिर प्रांगण, गांधी चौक शीतला मन्दिर परिसर में आयोजित अक्ती ज्योत ज्वांरा व पुतरा-पुतरी विवाह कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर शामिल होकर अक्षय तृतीया पवन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि शहर सहित ग्रामीण अंचलों में 10 मई को अक्षय तिथि को अक्षय तृतीया पूरे धूमधाम से मनाया गया इसे आखा तीज के नाम से भी जाना जाता हैं। कई जगह अक्ती ज्योत ज्वांरा निकालकर पूजा-अर्चना किया जाता है।

किसी अच्छे काम की शुरुआत के लिए इस मुहूर्त को बेहद शुभ मुहूर्त माना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन छोटे बच्चों द्वारा मिट्टी का पुतरा पुतरी का विवाह किया जाता हैं इस दिन की तैयारियों में बच्चे कई दिन पहले से जूट जाते हैं। बच्चे पुतरा पुतरी के विवाह के लिए जोरो से तैयारीया करते हैं, इस दिन बच्चे पुतरा पुतरी के विवाह के मंडप बना कर शादी की तरह सभी रस्म को पूरा किया जाता है। आगे विधायक ने कहा शुभ मुहूर्त व देव लग्न होने के कारण अक्षय तृतीया को लोग अपने बेटा बेटियों की विवाह करते हैं। पौरानिक मान्यता अनुसार विष्णु के छटे अवतार माने जाने वाले भगवान परशुराम जन्म भी इसी दिन हुआ था। साथ ही भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर्व की शुभकानाएं दी। वही उन्होने आगे कहा कि आज से खेती किसानी से जुड़े किसान भाई बहनों के लिए नया बछर की शुरुवात हो जाता हैं। ग्रामीणजन ठाकुर देवता में पूजा अर्चना कर धान दोना चढ़ाकर उस धान को खेत में ले जाकर बोनी कर दिया जाता है और लोग खेती किसानी की तैयार में लग जाते हैं। इस अवसर पर महामंत्री सोनू राजपूत, रूपेश पारख, हरिचंद पप्पू शर्मा, दुलार यादव, गणेश ठाकुर, पियूष साहू, बल्लू साहू, किशोर साहू, नीलम सिंह, कांति साहू, नवीन भरती, नरेश सपहा, लखन, पदमन साहू, श्याम लाल, सुखनंदन, शिव ठाकुर, मनोज ठाकुर, राजाराम विश्वकर्मा, हरिशंकर ठाकुर, रूपेश साहू, पप्पू शर्मा, गणेश ठाकुर, श्याम लाल ठाकुर, गुलशन सपहा, प्रकाश साहू, केवल साहू, संतोष बंभोले व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।








## खबर संक्षेप



### श्री विष्णुधाम महायज्ञ मंदिर ओटेबंद में प्याऊ घर शुरू

**अंडा।** इन दिनों तेज गर्मी पड़ रही है। दोपहर में जरूरी काम से निकलने वाले लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना न पड़े इसके लिए श्री विष्णुधाम महायज्ञ मंदिर परिसर जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक ब्रांच शाखा ओटेबंद के पास स्वयं सेवकों ने विभिन्न लोगों के सहयोग से प्याऊ घर खोला है। जहां पर आम जनों और राहगीरों को ठंडा पीने का पानी उपलब्ध रहेगा। अक्षय तृतीय के शुभ अवसर पर डा.पिलेश्वर साहू, पुरुषोत्तम चंद्राकर, पूर्व सरपंच खेमन लाल चंद्राकार ने बताया कि गर्मी के मौसम में आनजनों और राहगीरों को ठंडा पानी के लिए भटकना न पड़े इसलिए प्याऊ घर खोला है। इस मौके पर पुरुषोत्तम चंद्राकर, डा.पिलेश्वर साहू, पूर्व सरपंच जीवन लाल साहू, पूर्व सरपंच खेमन लाल चंद्राकार, यशवंत, अनुप, वासुदेव, गिरधारी लाल, हीरा लाल, राजू, रिंकू, दीनदयाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण आज से

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय बालोद में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 13 मई से शुरू हो रहा है। यह शिविर जिले के खिलाड़ियों को खेल विधा से परिचय कराने, खेल के तकनिकी ज्ञान से अवगत कराने एवं उनके खेल कौशल को निखारने के लिए किया जाएगा। शिविर 21 दिवसीय होगा, इसका आयोजन 13 मई से 02 जून तक किया जाएगा। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी प्राची ठाकुर ने बताया कि उक्त खेल प्रशिक्षण शिविर में फुटबॉल, मार्शल आर्ट जु–जित्सु, ताईक्वांडो, एथलेटिक्स, कलियारी पट्टू, भारोत्तोलन, हॉकी, कबड्डी और क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बालोद स्थित संस्कार शाला मैदान में फुटबॉल, जु–जित्सु, सरयू प्रसाद अग्रवाल इंडोर स्टेडियम में ताईकाण्डो, कलियारी पट्टू, सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में एथलेटिक्स, क्रिकेट, फिटनेश व्लर्ड जिम में भारोत्तोलन, शासकीय माध्यमिक विद्यालय कन्नेवाड़ा में हॉकी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघमरा में कबड्डी का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन 13 मई को सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए सब जूनियर, जूनियर वर्ग की बालक–बालिकाओं को निर्धारित प्रारूप में आवेदन (पासपोर्ट फोटो सहित) निर्धारित प्रशिक्षण स्थल या खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यालय में जमा करना होगा। प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास का समय प्रातः काल और संध्याकाल में दो–दो घंटे का होगा।

### मानस प्रेमी सरपंच तोषण के गीत व गायन में भक्ति का है उल्लास

**डौंडीलोहारा।** भगवान राम राघवेंद्र सरकार की भावभक्ति में रत रहकर जनमानस को राम के प्रति आस्था और प्रेम व आपस में भाईचारा का संदेश लिए छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों में सन 2019 से आज पर्यंत जय श्री राम मानस परिवार धनगाँव से जुड़कर राम जी की सेना बनकर राम नाम का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। मानस परिवार के अध्यक्ष तोषण चुरेन्द्र दिनकर वर्तमान में ग्राम पंचायत धनगाँव में सरपंच पद का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। वे वर्ष 2008 से 12 वर्षों तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में आचार्य के पद पर भी सेवा दे चुके हैं। तोषण चुरेन्द्र दिनकर गायन व्याख्यान के साथ-साथ युवा गीतकार व साहित्यकार भी हैं। उन्होंने गीत बोये हवं जंवारा, गौरी के गनराज गजानन, तोर गुण का गाववं सहित अनेक गीत लिखे हैं। इसी तरह ये दोहे बोलते हैं, ये कुण्डलियां बोलती हैं। हाएकू ,अनहद नामक पुस्तक का साझा संग्रह प्रकाशित है। इस तरह वे साहित्य सेवा के माध्यम से गाँव का नाम उजागर करने में लगे हुए हैं।

---

**सफलता : स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी व अंग्रेजी माध्यम स्कूल बेरला का परिणाम रहा उत्कृष्ट**

# कक्षा 10वीं में भावना और प्रकाश तथा 12वीं में समीर व प्रियंका ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेरला में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा दसवीं में कुल 103 बच्चों में हिन्दी मीडियम में 47 तथा अंग्रेजी मीडियम में कुल 55 विद्यार्थी अध्ययनरत थे। साथ ही कक्षा बारहवीं में हिन्दी माध्यम के 49 तथा अंग्रेजी माध्यम में कुल 6 विद्यार्थी अध्ययनरत रहे। जिन्होंने स्कूल शिक्षकों के श्रेष्ठ मार्गदर्शन में बहुत ही कड़ी मेहनत कर अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत करते हुए बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम लाये हैं। बच्चों में परीक्षा को लेकर बहुत ही उत्साह था जिसके परिणाम स्वरूप उन्होंने सफलता भी प्राप्त की। इस शैक्षणिक वर्ष में कक्षा 10वीं में विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों में हिन्दी माध्यम से प्रकाश ने 80.6 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम गौरव एवं चन्दन ने 74.6 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय एवं विवेकानंद ने 70.3% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, अंग्रेजी माध्यम में भावना साहू ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम त्रणव साहू ने 91.6% प्राप्त कर द्वितीय तथा हिमांशु साहू ने 91.5% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

जबकि कक्षा बारहवीं में विद्यालय स्तर पर हिन्दी माध्यम से समीर साहू ने 70.8 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम जयप्रकाश साहू एवं आकाश कुमार ने 67.2% प्राप्त कर द्वितीय एवं करण ने 63.2% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं अंग्रेजी माध्यम से प्रियंका वर्मा ने 70% अंक प्राप्त कर प्रथम कशिश परगनिहा ने 68% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा विनय साहू ने 66% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

ब्लॉक मुख्यालय बेरला के इस शासकीय स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की जबरदस्त सफलताओं पर जबरदस्त पूरा विद्यालय परिसर एवं प्राचार्या- अर्चना साव ने विद्यार्थियों के इस उपलब्धि की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को आगे कड़ी मेहनत कर और भी अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया एवं जिला व राज्य स्तर पर प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने का आशीर्वाद दिया।

## 95 प्रतिशत रहा थानखम्हरिया सशिमं का परीक्षा परिणाम









**बेमेतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर थानखम्हरिया का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा। कुल 61 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिनमें 58 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। 44 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी 7 छात्र-छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुये इस प्रकार हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा। निकिता कौशिक 92 प्रतिशत प्रथम, आदित्य वैष्णव 90.33 द्वितीय, पलक सेन 90 तृतीय, माही साहू 89.67 चतुर्थ, कमलेश रात्रे 88.83 पंचम स्थान, रिया मंडल 85.33 षष्ठ, कीर्ति साहू 83.5 सप्तम स्थान, कविता कौशिक एवं कामेश्वरी साहू 83.17 अष्टम स्थान, कौशल नेगी 82.67 प्रतिशत नवम स्थान, वैष्णवी एवं चंदन वर्मा 80.67 लेकर दशम स्थान पर रहे। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा में विद्यालय का परीक्षा परिणाम 88.8 प्रतिशत रहा। कुल दर्ज संख्या 54 उत्तीर्ण छात्रों की संख्या 48 है जिसमें 35 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम 88.88% रहा । सौम्या वैष्णव 86.02% प्रथम, ऐश्वर्या साहू 82.4 0% द्वितीय, निहारिका परमार 81.6 0% तृतीय, आरती साहू 74.6% चतुर्थ, द्वारिका साहू 72.5% पंचम, तुषार सिंह कचलामे 72%षष्ठम, ओंकार साहू 69.6 0% सप्तम, प्रिया कौशिक 67.2% अष्टम, अंजलि नामदेव 66% नवम, पूर्णिमा कौशिक एवं इशा साहू 65.8 प्रतिशत लेकर दशम स्थान पर रहे। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समस्त आचार्यों - दीदीयों एवं प्रबंधन समिति के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते हुए उन्हें बधाई दी ।




## श्रेजल ने बढ़ाया जिले का मान

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर ने 9 मई को वर्ष 2024 हाई स्कूल एवं हायर सेकेन्डरी के परीक्षा परिणाम जारी किए गए। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ रहा। कक्षा 10वीं की छात्रा श्रेजल ध्रुवे ने 97.33 प्रतिशत प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में नौवाँ स्थान तथा जिले में प्रथम स्थान सुरक्षित कर स्कूल का ही नहीं, अपितु पुरे जिले का गौरव बढ़ाया।

कक्षा 10 वीं में 101 विद्यार्थियों में से 70 विद्यार्थियों प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जिनमें 15 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त किए जिनमें श्रेजल ध्रुवे 97.33% ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, चार्ली साहू नाव्या टंडन 93.5% राज कश्यप काश्वी साहू - 92%, निष्ठा पाण्डेय 95.6%, काव्या साहू 94.5%, आरुष्मिता शर्मा 93.16%, अर्चना वर्मा 91.6%, संस्कृति वर्मा 93.6%, 92.6%, पीयूष कुमार साहू 92.5%, 91.6%, साक्षी साहू 90% का प्रदर्शन सराहनीय रहा तथा इस वर्ष कक्षा 10 वीं का कुल परीक्षा परिणाम 86.14% रहा।

कक्षा 12 वीं में 95 विद्यार्थियों में से 55 विद्यार्थियों प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जिनमे जीव विज्ञान संकाय से आलोक साहू 88.9%, गणित संकाय से सानिया सोनवानी 86%, वाणिज्य संकाय से भुपेन्द्र वर्मा 80.2% एवं कला संकाय से सफीना परवीन 74.8%, प्राप्त कर सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय को गौरवान्वित किया इस वर्ष कक्षा 12 वीं का कुल परीक्षा परिणाम 90% रहा।

बेमेतरा जिले के हाई स्कूल टॉप टेन में स्कूल के तीन विद्यार्थी श्रेजल ध्रुवे 97.33%, चार्ली साहू 95.6% एवं काव्या साहू 94.5% ने स्थान प्राप्त किया तथा बेमेतरा जिले के हायर सेकेण्डरी स्कूल टॉप टेन में स्कूल से आलोक साहू 88.9% ने स्थान प्राप्त किया।

इसके पूर्व वर्षों में भी ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा के बच्चे छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करते रहे हैं। सन् 2021 में प्रशंसा राजपूत ने द्वितीय स्थान तथा सन् 2022 में आलोक साहू 5वाँ एवं भाविका सिन्हा ने 10 वाँ स्थान प्राप्त कर चुके हैं।

सभी विद्यार्थियों के असाधारण उपलिब्ध पर प्राचार्य डॉ. अलका तिवारी ने मेधावी बच्चों को बधाई दी एवं उनके कठिन परिश्रम की प्रशंसा करते हुए आगे परिश्रम की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्रों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने श्रेजल ध्रुव की कक्षा 11वीं एवं 12वीं की फीस निशुल्क करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने 21,000 रूपए की प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की।

## शासकीय विद्यालय किल्लेकोड़ा में कक्षा 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**डौडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा की दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं के परीक्षा में 39 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए थे। 23 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में, 16 छात्र-छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं में यशस्वी शर्मा 87.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, डिलेश्वरी 87.1 प्रतिशत के साथ द्वितीय, काजल 84.1 अंकों के साथ तृतीय और मलिता 83.33 प्रतिशत के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस स्कूल में पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी बालिकाओं ने बाजी मारी है। ज्ञात हो कि 2014 से अब तक शासकीय हाईस्कूल किल्लेकोड़ा के दसवीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत से ऊपर रहा है। इस बार परिणाम शत प्रतिशत रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य श्री मुखर्जी ने कहा कि इस सफलता के पीछे पूरे स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिन्होंने अपना कीमती समय निकालकर एक-एक छात्र-छात्राओं के प्रति ध्यान दिया, जिसका परिणाम उत्कृष्ट रहा। शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए समस्त स्टाफ को बधाई दी है। परीक्षा प्रभारी वायएस मरकाम वरिष्ठ व्याख्याता ने कहा कि विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के चलते तथा छात्र-छात्राओं के मेहनत के कारण से परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा। शिक्षा रत्न व्याख्याता डॉ. बीएल साहसी, सीजी पटेल, जेपी बांधव, हेमेंद्र साहू व त्रिजला ठाकुर ने भी अच्छे परीक्षा परिणाम पर बच्चों को बधाई दी और आगामी शिक्षा सत्र में प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने के लिए प्रेरित किया। आभार प्रदर्शन घनश्याम पटेल ने किया। इस अवसर पर ललित देवहारी, श्रवण यादव, खगेश ठाकुर और कुशल देवदास पूर्व शाला प्रबंधन समिति, रामेश्वरी देवी, निर्भय भंडारी, इद्रजीत सिन्हा, छन्नू लाल भंडारी, मन्नू लाल विश्वकर्मा ने भी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## सहसपुर स्कूल में गणित संकाय से डागेन्द्र प्रथम

**साजा।** विकासखण्ड साजा क्षेत्र के ग्राम सहसपुर में संचालित शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सहसपुर से कक्षा 12वीं गणित संकाय से डागेन्द्र साहू ने 86.8 प्रतिशत लाकर अपने शाला में प्रथम प्राप्त किया। छात्र डागेन्द्र साहू के पिता हेमलाल साहू शिक्षक व माता दुलेश्वरी साहू गृहिणी हैं। डागेंद्र की इस सफलता से पूरा परिवार गौरवान्वित हुआ। इस उपलब्धि पर परिजनों व ग्रामवासी सहित स्कूल के गुरुजनों ने भी डागेन्द्र साहू को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



---

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत एक दिन में 100 लोगों की जांच व इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ शनिवार को थानखम्हरिया पहुंचा मोबाइल वैन

थानखमरिया नगर पंचायत में प्रति सप्ताह बुधवार व शनिवार को मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अन्तर्गत मोबाइल वैन की चिकित्सा यूनिट के माध्यम से विभिन्न वार्डो में शिविर के माध्यम से गरीब बीमार लोगो का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। एक ही जगह पर मरीज की खून जांच, इलाज के साथ दवाई भी निःशुल्क प्रदान की जा रही है। भाजपा शासन के पूर्ववर्ती कार्यकाल में प्रारम्भ हुई इस योजना से गरीब व निःशक्त जनों का मोहल्ले तक जाकर इलाज किया जा रहा है।

शनिवार को नगर के पुराने तहसील कार्यालय के पास मोबाइल वैन से 100 लोग लाभान्वित हुए। वैन में उपस्थित डॉक्टर सुधांशु शर्मा ने बताया कि जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने इस योजना को प्रारम्भ किया गया है शुगर, बीपी, मलेरिया, पीलिया, बुखार, थायराइड, सर्दी खांसी के इलाज के साथ साथ सभी किस्म की खून जांच की भी सुविधा वैन में ही उपलब्ध है। वैन में उपस्थित लैब टेक्नीशियन गुंजन वर्मा द्वारा खून जांच, नर्स चंद्रकिरण निषाद द्वारा बीपी, वजन की जांच एवं फार्मासिस्ट भुवन साहू द्वारा मरीजों को दवाई का वितरण किया जा रहा था। डॉ सुधांशु शर्मा ने बताया कि खमरिया में सप्ताह में दो बार यूनिट बस के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर लगाया जाता है। इसके लिए बुधवार और शनिवार सुबह 7:00 से 2:00 बजे तक का समय निर्धारित है। आज 100 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आम जनता में चलित चिकित्सा इकाई मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के प्रति जागरूकता बढ़ी है।



# एलपीजी कनेक्शन धारकों को इस माह के अंत तक करवाना होगा ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थानखम्हरिया

■ आधार ई केवाईसी को लेकर जारी हुए आखिरी निर्देश

एचपी गैस ने अपने सभी ग्राहकों का आधार बेस्ड ई केवाईसी करने के लिए 31 मई तक का लक्ष्य रखा है। इस संबंध में सभी वितरकों को लक्षित समय सीमा के भीतर सब्सिडी का लाभ उठा रहे ग्राहकों का ई केवाईसी करवाने के संबंध में आखिरी निर्देश जारी किए गए हैं। नगर के एलपीजी वितरक दिनकर पाण्डे ने बताया कि यह प्रक्रिया पिछले 5 महीने से लगातार चल रही है। इसलिए इसके लिए अंतिम तिथि की घोषणा कभी भी हो सकती है। सब्सिडी प्राप्त करने के इच्छुक हितग्राही समय रहते केवाईसी अवश्य करवा लें। यदि ग्राहक केवाईसी नहीं करवाते हैं तो वो सब्सिडी का लाभ पाने से वंचित रह सकते हैं या फिर कनेक्शन बंद हो सकता है। बहुत से ऐसे ग्राहक हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी हैं ऐसे में उनके नॉमिनी कनेक्शन को अपने नाम पर करवाकर वे लोग भी ई केवाईसी करवा सकते हैं। ई-केवाईसी करना अनिवार्य है। चूंकि यह प्रक्रिया सब्सिडी प्राप्त करने वाले ग्राहकों की विशुद्ध पहचान करने के लिए अति आवश्यक है। इसके लिए पेट्रोलियम मिनिस्ट्री द्वारा प्रत्येक राज्य की समीक्षा की जा रही है।

**इस तरह कर सकते हैं ई-केवाईसी-** उपभोक्ता (जिनके नाम से गैस कनेक्शन पंजीकृत है) अपने गैस एजेंसी पर स्वयं पहुंचकर फिंगर लगाकर आधार ई केवाईसी कर सकते हैं। इसके लिए कोई भी कागज या शुल्क की कोई जरूरत नहीं है। वहीं, ग्राहक घर बैठे ही स्वयं ई केवाईसी कर सकते हैं। यदि ग्राहक किसी कारणवश एजेंसी पर नहीं जा सकते हैं तो एंड्रॉयड या आईफोन के ऐप स्टोर से एचपी पे ऐप को डाउनलोड करके गैस एजेंसी पर पंजीकृत मोबाइल नंबर से ऐप में लॉगिन करें। ऐप में लॉगिन करने के बाद एलपीजी सिलेक्ट करें और ई-केवाईसी पर क्लिक करें। स्क्रीन पर दिए जा रहे निर्देश का अनुपालन करें। एचपी पे ऐप को डाउनलोड करने के लिए क्यू आर कोड दिया गया है। संबंधित अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में अब तक 10.39 लाख ग्राहकों का ई केवाईसी हो चुका है और 9.19 लाख ग्राहकों का अब भी बाकी है।

## यज्ञ शाला व गौशाला सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन

**बेमेतरा।** अक्षय तृतीया के दिन जिला मुख्यालय के समीप शिवनाथ तट ग्राम बहरघट में विशाल श्री आदि शंकराचार्य विद्यापीठ, द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर व यज्ञशाला विशंभर गौशाला एवं अतिथि निवास का भूमि पूजन कार्यक्रम धूमधाम से किया गया। संस्थान के संस्थापक छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य प्रवर राम प्रताप शास्त्री महाराज कोविद एवं अनेक वैदिक विद्वानों की सानिध्य में हुआ।

इस दौरान संरक्षक मार्गदर्शक के रूप में आचार्य मानस केसरी प्रमोद शास्त्री संस्थापक मानव कल्याण आश्रम करपात्री गौशाला, आचार्य बलदेव शास्त्री महाराज ,आचार्य झम्मन शास्त्री राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीठ परिषद, आचार्य राजेंद्र शास्त्री सहित धार्मिक जगत के अनेक विभूतियां और छत्तीसगढ़ से सनातन धर्म वलंबियों की गरिमामय मौजूदगी रही। समारोह में विशेष अतिथियों के रूप में विधायक दीपेश साहू ,अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष योगेश



तिवारी, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल , विजय सिंह , राकेश मोहन शर्मा, विकास तंबोली, रोशन दत्ता सामिल रहे। संस्थान के विषय में जानकारी देते हुए संस्थापक आचार्य श्री शास्त्री महाराज ने कहा कि सनातन हिंदू धर्म एवं संस्कृति इस विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है जिस संस्कृति का मुख्य केंद्र गुरुकुल परंपरा है और हमारे मठ मंदिर हैं ऐसे कार्यों का विस्तार निरंतर लोक और समाज में होने से समाज में समरसता दया करुणा का भाव विस्तार को प्राप्त करता है यज्ञ परंपरा ऐसे स्थान में निरंतर चलने से लोक और समाज में आस्तिकता धार्मिकता और प्रकृति में दिव्य शुद्धिकरण का कार्य यज्ञ से संपन्न होता है और ऐसे केंद्रों से ऐसे कार्यों का निरंतर समाज में संचालन हो पाएगा उन्होंने आस्वस्थ किया ऐसे निरंतर धार्मिक कार्य इस संस्थान में होते रहेंगे और उन्होंने लोक और समाज के सनातन धर्म के अनुयायियों से ऐसे कार्यों में निरंतर जुड़ने का और सहयोग करने का आह्वान किया ।

**पुलिस अधीक्षकों ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश**

# धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के लंबित मामलों में शीघ्र करें कार्रवाई : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत पंजीबद्ध मामलों को लेकर जिलेभर के पुलिस अफसरों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने लम्बित आईटी व धोखाधड़ी के प्रकरणों की जानकारी लेकर उनके कार्यवाही को लेकर जरूरी दिशानिर्देश पुलिस अफसरों को देते हुए इस सम्बंध में त्वरित एक्शन लेने की बात कही। सभी थाना-चौकी प्रभारियों सहित विवेचकों को सख्त दिशानिर्देश देते हुए एसपी साहू ने कहा कि उनके थाना-चौकी में अगर धोखाधड़ी व आईटी अधिनियम के मामले दर्ज है तो उनपर तत्काल विवेचना पूर्ण करे एवं फरार चल रहे आरोपियों पता लगाकर अतिशीघ्र गिरफ्तारी कर न्यायालय को सौपे। ताकि पुलिस थाने व चौकी में दर्ज प्रकरण का त्वरित निपटान हो सके एवं पीड़ित पक्ष को समय पर न्याय मिल सके। साथ ही उनके द्वारा कहा गया, कि सभी थाना-चौकी में निरन्तर इसके सम्बन्ध में जानकारी भी ज़िला पुलिस प्रशासन द्वारा ली जाएगी।अगर किसी कारणवश कार्यवाही नही हो पाए हो तो उसके सम्बन्ध में सारी सूचना ज़िला पुलिस कार्यालय को समय पर अवगत कराएं।जिसके बाद खास योजना बनाकर लम्बित प्रकरण को पूरा किया जाएगा।



उक्त बैठक में एसडीओपी बेमेतरा-मनोज तिर्की, डीएसपी-कमल नारायण शर्मा, थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक-विवेक पाटले, थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक-राकेश साहू, थाना साजा प्रभारी उप निरीक्षक-राजकुमार साहू, थाना नवागढ प्रभारी उप निरीक्षक-भुनेश्वर यादव, थाना चंदनू प्रभारी-उप निरीक्षक यशवंत जंघेल, पुलिस चौकी देवकर सउनि-द्वारिका प्रसाद घृतलहरे, स्टेनो सउनि(अ)-अजय कुमार देवांगन, एसपी रीडर सउनि-विष्णु सप्रे, सउनि-कंवल सिंह नेताम, सउनि-भलेतिनुस पन्ना, सउनि-दीनाथान सिन्हा, सउनि-जितेन्द्र कश्यप, प्रधान आरक्षक-राजकुमार चौबे, महिला प्रधान आरक्षक बालमती नायक एवं अन्य थाना-चौकी के प्रभारी व विवेचकगण सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

